द्वादश सत्र एक नजर

कर्मण्ए वाधिकारस्ते की गूंज से शुरू हुआ द्वादश सत्र का खूबसूरत सफर

विपरीत परिस्थितियों में **आशा** की **मंजु**ल राह दिखाता हुआ

एक माह में दो स्वर्णिम कीर्तिमान बनाता हुआ

कर्म योग_एक प्रयास संग **इ संस्कार वाटिका** सजाता हुआ

ज्ञान योग में प्रशिक्षण प्राप्त कर **ध्यान योग** में गीता सार की महत्ता बताता हुआ

पांचजन्य सी विलक्षण विभूतियों के मार्गदर्शन में **परम योग** की राह दिखाता हुआ

सखी वर्चुअल एक्सपो 2021 से महिलाओं को सशक्त कर प्रगति की राह में तीसरा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाता हुआ

कोरोना काल में एकजुट अद्वितीय प्रयासों में सेवा की मिसाल बन **भक्ति योग** की अविरल धारा में डूबकर

सांख्य योग की ऊर्जा से फलित

भाव योग की भावनाओं से संगठित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर **स्वाश्रिता** की पहल कर चौथा रिकॉर्ड हुआ संगठन के नाम

स्वास्थ्य सप्ताह के रूप में द्वारा पांचवा तो **ब्रह्म योग** में **हर सीट हाट सीट** ऑनलाइन प्रतियोगिता में छठवां रिकॉर्ड बना कर पाया एक और उच्च मुकाम

दक्षिणांचल रामेश्वरम में हुआ **शिवानंद योग** का खूबसूरत आयोजन

दसों समितियों की श्रेष्ठ शिल्पकारी से सजा **शंखनाद 2022** कोटा महिला अधिवेशन

जिसमें 4 वर्ल्ड रिकॉर्ड एक साथ बनाकर उपलब्धि पाई खास

इस प्रकार रच दिया एक विहगम अद्भुत इतिहास

10 स्वर्णिम कीर्ति मानो की श्रंखला बनाई

इसके लिए समितियों की अथक तथा संगठन के सामूहिक प्रयासों को नमन करते हुए बहुत-बहुत बधाई

अखिल भारतीय महिला सेवा ट्रस्ट हो या **माहेश्वरी महिला** दोनों ही स्थाई प्रकल्पो ने नित नई ऊंचाई पाई

इतर समाज में भी संगठन की खुशबू फैली जिससे समस्त नारी शक्ति हर्षाई

बीकानेर में संपन्न **संयम योग** ने राजस्थानी संस्कृति का अहसास दिलाया

नव चयनित राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजु बांगड़ की उद्घोषणा से संगठन की बहनों में सर्वत्र आनंद छाया

रायपुर में अवॉर्ड सेरेमनी संग **फल योग** मे सबने मेहनत का प्रत्यक्ष परिणाम पाया

नई टीम का हुआ गठन,

संगठन की समस्त बहनों का अभिनंदन

जिन्होंने द्वादश सत्र को अविस्मरणीय बनाया।

आभार सहित ...

Manju Bangur

मंजु बांगड़ राष्ट्रीय महामंत्री (द्वादश सत्र)